# साफ-सफाई, चिरंजीवी और निशुल्क दवा और जांच योजना का फीडबैक लिया

**बीकानेर,** (कासं)। जिला प्रभारी सचिव आलोक गुप्ता के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि बीकानेर शहरी क्षेत्र के 15 तथा श्रीडूंगरगढ़ एवं नोखा के एक-एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिले के 17 सामुदायिक तथा 64 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा नोखा के जिला अस्पताल सहित कुल 99 चिकित्सा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश ने फोर्ट डिस्पेंसरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) पंकज शर्मा ने रानी बाजार स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 7 तथा तिलक नगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 1 तथा भुजिया बाजार स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 2 का निरीक्षण किया।

इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक शारदा चौधरी ने माहेश्वरी भवन के पास स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 3 तथा विवेक नगर स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 4, सहायक जिला कलेक्टर बिन्दु खत्री ने जिन्ना रोड स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 5 तथा नत्थूसर गेट स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नंबर 6, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सविना विश्नोई ने मुक्ता प्रसाद एवं रामपुरा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तहसीलदार कालूराम ने बीछवाल एवं इंदिरा कॉलोनी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह ने सर्वोदय बस्ती एवं मुरलीधर व्यास कॉलोनी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया।



बीकानेर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ( प्रशासन ) ओमप्रकाश ने शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित उपखंड अधिकारियों द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने चिकित्सा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल में सूचना पट्ट एवं नोटिस बोर्ड की स्थिति, प्रभारी चिकित्सक का नाम, अनुपस्थित कार्मिकों का विवरण, स्टाफ के मुख्यालय पर रहने संबंधित जानकारी, निःशुल्क श्रेणी की दवाईयों का स्टाक एवं निःशुल्क श्रेणी की जांचों की जानकारी, ओपीडी मरीजों की संख्या, मेडिकल बायोवेस्ट निस्तारण, पोषक पत्तेदार सब्जियों के पोस्टर से लगाए जाने, संस्थागत प्रसव की स्थिति, राजश्री योजना में बकाया भुगतान प्रकरण तथा एएनसी सहित विभिन्न बिन्दुओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा प्राप्त निरीक्षण रिपोर्ट पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

- **जिले के 99 स्वास्थ्य केन्द्रों का अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया**

**औषधियों के नमूने लिए :** श्रीगंगानगर में औषधि नियंत्रण अधिकारी सुखदीप कौर द्वारा फर्म आर. के. मेडिकल स्टोर चक 17 एमडी-ए, घडसाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान नशे में दुरूपयोग होने वाली औषधियों के क्रय-विक्रय बिल, रिकॉर्ड मौके पर प्रस्तुत नहीं किये गये। ऐसी समस्त औषधियों में से 3 औषधियों के नमूने जांच हेतु लेकर शेष स्टॉक के विक्रय पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किये गये हैं। सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि फर्म द्वारा फ्रीज की गई औषधियों का क्रय बिल प्रस्तुत नहीं करने पर 22 नवम्बर को औषधियों का फर्म मैसस आर.के. मेडिकल स्टोर, चक 17 एमडी-ए घडसाना से जब्त किया गया।

## हथियार सहित पांच बदमाश गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले की पदमपुर थाना पुलिस ने बुधवार को डकैती के इरादे से निकले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के पास से रॉड, पिस्तौल, कारतूस, कापा बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में से एक करीब एक माह पहले केसरीसिंहपुर में फायरिंग के मामले में भी वांछित है। वहीं अन्य आरोपियों पर भी कई मामले दर्ज है। आरोपी ये हथियार कहां से लाए तथा वे यहां से किस वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। इस बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

आरोपियों को गांव एक डीडी के पास से गिरफ्तार किया गया। पदमपुर पुलिस को इलाके में कुछ युवकों के हथियारों से लैस होकर किसी डकैती की वारदात के लिए जाने की सूचना मिली थी। मुखबिरों के जरिए मिली सूचना के आधार पर नाकेबंदी करवाई गई। गांव एक डीडी के पास पुलिस को दो मोटरसाइकिलों पर पांच युवकों के जाने की सूचना मिली। इस पर पीछा करके युवकों को रोका गया। तलाशी ली तो इनके पास एक बारह बोर की लोडेड देसी पिस्तौल मिली। इसके अलावा बारह बोर के तीन जिंदा कारतूस, एक कापा, एक रॉड, लोहे की सब्बल बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों में मटीलीराठान का शरणदीप सिंह पुत्र करतार सिंह, गांव तीन एमके का झंडासिंह एक सीसी छोटी का रहने वाला गुरविंद्र सिंह आदि शामिल है।

## सार-समाचार

### मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण



**बीकानेर,**(कासं)। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर) के प्रति जागरूकता की श्रंखला में बुधवार को विशेष योग्यजनों से संवाद किया गया। महिला थाने के पास स्थित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह, सेवा आश्रम में आयोजित कार्यशाला के दौरान निर्वाचन विभाग के स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. सुरेन्द्र राठी ने वोटर हेल्पलाइन ऐप और पीडब्लयूडी ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में बताया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों के अपडेशन का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कोई भी पात्र विशेष योग्यजन, मतदाता सूची में पंजीकरण से वंचित नहीं रहें। इसके लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि जिले में 15 हजार 813 दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है। इनमें से 9 हजार 452 मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। शेष पात्र दिव्यांगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य ने एसएसआर की विभिन्न तिथियों, विभिन्न आवेदन प्रपत्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम आदि के बारे में बताया। इस दौरान सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी, स्वीप प्रकोष्ठ के पवन कुमार खत्री, सजग दिव्यांग सेवा संस्थान की अध्यक्ष रेखा मेघवाल, इंडियन हैंडीक्राफ्ट सोसायटी की बादू देवी, सेवा आश्रम विमंदित पुनर्वास गृह के मनोज कुमावत, विशेष शिक्षक भावना गौड़, लक्ष्मी रावत, पृथ्वीराज सुंदरलाल, शिवाला आदि मौजूद रहे। स्वीप कार्यक्रमों की श्रंखला में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिले में कार्यरत समस्त महिला पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार प्रातः 10 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित किया जायेगा।

### भुगतान के लिए ठेकेदार का धरना

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ पंचायत समिति कार्यालय के आगे एक शख्स बीते 87 दिन से शौचालय निर्माण की बकाया राशि के भुगतान को लेकर धरने पर बैठा है। फर्म गुरूकृपा एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर जसकरण सिंह संधू ने यह धरना अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 अगस्त 2022 को शुरू किया था। अब इसकी अगली कड़ी में 24 नवम्बर यानी गुरूवार से जयपुर के स्टैच्यू सर्किल पर धरना देने का निर्णय लिया है। ठेकेदार जसकरण सिंह संधू का कहना है कि उसने वर्ष 2018-19 में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शौचालय, ग्रेवल रोड आदि के निर्माण कार्यों का पंचायत समिति से टेंडर लेते हुए फर्म गुरूकृपा एंटरप्राइजेज के माध्यम से निर्धारित समयावधि में पूरा कर दिया था। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों से कार्य पूर्ण होने का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर पंचायत समिति कार्यालय में जमा करवा दिया था। लेकिन अधिकारियों के ढुलमुल रवैये के चलते बार-बार चक्कर लगाने के बावजूद उसका भुगतान नहीं किया गया। अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 87 वें दिन भी जारी है। ठेकेदार ने कहा कि इस अनिश्चितकालीन धरने के बावजूद भी उसका भुगतान नहीं होने के विरोध स्वरूप अब वह 24 नवम्बर को जयपुर में धरना लगाने जा रहा है। इस दौरान धरना स्थल पर उनके साथ समाजसेवी परमजीत सिंह बेदी, हरनेक सिंह गिल, यशपाल सिंह सोवना, रामप्रवेश डाबला, ठाकुर सिंह, सलविंदर सिंह, रेशम सिंह, संदीप सिंह और धर्माराम आदि मौजूद थे।

### अर्चना शर्मा का स्वागत किया



**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक न्याय अधिकारिता बोर्ड की अध्यक्ष डॉ अर्चना शर्मा दो दिवसयीय बीकानेर दौरे के दौरान बुधवार को सर्किट हाउस में डॉ अर्चना शर्मा का गुलदस्ता भेंट कर शहर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सुनीता गौड़ ने स्वागत किया। समाजिक न्याय अधिकारिता बोर्ड की अध्यक्ष ने नारी निकेतन,सेवा आश्रम, शिशु बाल गृह और बालिका गृह का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गजेन्द्र सांखला, सरोज सरगरा, संध्या, करणी सिंह राजपुरोहित उपस्थित थे।

### सरपंच का उपचुनाव 25 को

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंचायत समिति पदमपुर की ग्राम पंचायत सांवतसर के सरपंच पद का उप चुनाव 25 नवम्बर को करवाया जायेगा। मतदान के पश्चात मतगणना निर्धारित है। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ स्वामी न बताया कि इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे मतगणना उपरान्त रिकॉर्ड का सील्ड बक्सा एवं चुनाव में प्रयुक्त ईवीएम कोष कार्यालय श्रीगंगानगर में जमा करवाकर सूची ईवीएम प्रकोष्ठ तथा रिकॉर्ड का अनशील्ड बक्सामय चुनाव परिणाम भण्डार में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

# भूगोल प्रयोगशाला का विधायक गौड़ ने किया शिलान्यास

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार स्कूली व महाविद्यालय शिक्षा को लेकर काफी गंभीर है। राजस्थान में अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की भी शुरूआत हो चुकी है, जिसमें गरीब परिवारों के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम से अपनी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास को लेकर आर्थिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। गौड़ बुधवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में भूगोल प्रयोगशाला द्वितीय के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भूगोल प्रयोगशाला का निर्माण विधायक क्षेत्रीय विकास योजना के तहत 12.75 लाख रूपये की राशि से निर्माण किया जायेगा।



श्रीगंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने अम्बेडकर महाविद्यालय में भूगोल प्रयोगशाला का शिलान्यास किया।

शिक्षा विकास को लेकर जिले में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। अकेले राजकीय महाविद्यालय में पांच विषयों में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा मिलने लगी है। विज्ञान संकाय में वनस्पति विज्ञान, गणित व भौतिक विज्ञान विषय के साथ-साथ वाणिज्य वर्ग में एबीएसटी व ईएएफएम में कक्षाएं प्रारम्भ हुई हैं, जिससे इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को लाभ मिला है तथा सभी पांचों संकायों में प्रवेश होकर शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का आगामी बजट युवाओं व विद्यार्थियों पर केन्द्रित रहेगा। गौड़ ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण को लेकर चर्चा हुई है। इस संबंध में लगभग 8 करोड़ रूपये की राशि के प्रस्ताव विभाग के माध्यम से व जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को भिजवाये गये हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 550 करोड़ की तीन परियोजनाएं राजकीय मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय व नर्सिंग कॉलेज की शुरूआत हुई है।

## जनआक्रोश यात्रा तीन को नोहर पहुंचेगी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाजपा जिलाध्यक्ष बलवीर विश्नोई ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। बलवीर विश्नोई ने नोहर के एक निजी होटल में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त हैं। आमजन सरकार की गलत नीतियों के कारण हताश और निराश हैं। पूरे जिले में कानून व्यवस्था खराब है। नहरों में पानी नहीं हैं। किसान आंदोलित हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी जन आक्रोश यात्रा प्रारंभ करेगी।

जिलाध्यक्ष बलवीर विश्नोई ने बताया कि हनुमानगढ़ जिले की पहचान पूरे राजस्थान में भक्ति और शक्ति के रूप में होती हैं। मगर राज्य में कांग्रेस की सरकार आने के बाद पूरी व्यवस्थाएं चौपट हो गई है। दिनदहाड़े लूट व चोरी की घटनाएं हो रही हैं, आमजन भयभीत हैं। दलितों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि नोहर विधानसभा क्षेत्र में 3 दिसम्बर से जन आक्रोश यात्रा का शुभारंभ होगा। जो प्रत्येक पंचायत मुख्यालयों पर जायेगी।

# बंदियों से मिले मोबाइल, चार्जर और डाटा केबल

- **जेल प्रहरी ने सिटी थाना में मामला दर्ज करवाया**
- **5 मोबाइल फोन, 2 चार्जर और एक डेटा केबल बरामद**

**सूरतगढ़,** (कासं)। नेशनल हाईवे संख्या 62 पर स्थित उप कारागृह में चलाये गए सघन तलाशी अभियान में 5 मोबाइल फोन 2 चार्जर और एक डेटा केबल बरामद की गई है। जेल में प्रतिबंधित सामग्री मिलने से जेल कार्मिकों में भी हड़कम्प मच गया।

इस संबंध में जेल प्रहरी सुशील कुमार की ओर से सिटी थाना में आरोपी बंदियों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी रामकुमार लेघा ने बताया कि जेलर के निर्देश पर जेल स्टाफ ने रात्रि करीब 12 से 2 बजे के बीच बैरक नंबर 1 में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान बैरक नंबर एक में एनडीपीएस एक्ट के दर्ज मामले में विचाराधीन बंदी मोहित पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 22 रावतसर के बिस्तर से एक बिना सिम का मोबाइल बरामद किया गया।

दूसरा मोबाइल एनडीपीएस एक्ट में निरुद्ध बंदी कृष्ण पुत्र मेघराज धानक निवासी वार्ड नंबर 45 सूरतगढ़ से मोबाइल चार्जर के साथ बरामद किया गया। तीसरा बिना सिम का मोबाइल एनडीपीएस के ही मामले में निरुद्ध बंदी काकू सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी अमरपुरा राठान के पास से बरामद किया गया। एक चार्जर निरुद्ध बंदी साजन राम पुत्र कृष्णलाल नायक निवासी बांडा कॉलोनी अनूपगढ़ से जबकि बैरक नंबर 2 की तलाशी में एक मोबाइल और एक यूएसबी डाटा केबल एनडीपीएस एक्ट में निरुद्ध बंदी रणजीत सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी खखां पुलिस थाना हिन्दुमलकोट से बरामद किया गया। इन सबके अलावा इसी बैरक के पांच नंबर रोशनदान के पास एक मोबाइल बिना सिम का बरामद किया गया।

थानाधिकारी लेघा ने बताया कि बरामद किए मोबाइल की कॉल डिटेल का रिकॉर्ड प्राप्त कर अनुसंधान करते हुए इनकी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली जायेगी।

# 72 जीएसएस का होगा कंप्यूटराइजेशन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हेतु गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिसमें पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के अंतर्गत दूसरे चरण में जिले की 72 ग्राम सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन के प्रस्ताव का अनुमोदन कर राज्य स्तरीय समिति में भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि 15 दिसम्बर से पहले जिले की शत प्रतिशत ग्राम सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन के प्रस्ताव बनाकर राज्य स्तर पर भिजवाएं। बैठक में केंद्रीय सहकारी बैंक के एमडी और समिति के सचिव दीपक कुक्कड़ ने बताया कि जिले में कुल 248 ग्राम सेवा सहकारी समितियां हैं। जिनमें से 85 ग्राम सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन योजना के प्रथम चरण के रूप में प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति के पास सितम्बर माह में भिजवाए जा चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिले की 72 अन्य सहकारी समितियों का मार्च 2022 तक ऑडिट पूर्ण होने समेत प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

## जनाक्रोश यात्रा की तैयारी पर चर्चा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बीजेपी के जंक्शन नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक बुधवार को पार्टी ऑफिस में हुई। बैठक में 2 दिसम्बर से जिले में निकाली जाने वाली जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष बलवीर बिश्नोई ने बताया कि बीजेपी की कार्य पद्धति के अनुसार पहले 12-13 नवम्बर को झुंझुनूं में प्रदेश स्तरीय बैठक के बाद जिले में बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी की ओर से किए कामों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया।

# संविदा नर्सिंग कर्मियों पर लाठीचार्ज का विरोध

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जयपुर में संविदा नर्सिंग कर्मियों पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को जिले भर के स्वास्थ्य केन्द्रों में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करवाया। इसके साथ ही उन्होंने नर्सिंग भर्ती में पद बढ़ाने और गिरफ्तार किए नर्सेज को रिहा करने की मांग की।

सुरेशिया स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नर्सिंग ऑफिसर राकेश गोदारा ने बताया कि प्रदेश में नर्सिंग ऑफिसर के 1200 से ज्यादा पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है, जो बोनस के आधार पर होगी। इस भर्ती में पदों की संख्या काफी कम है, जिसके कारण पुराने संविदाकर्मी इस भर्ती से वंचित रह जायेंगे। 21 नवम्बर को जयपुर में संविदा नर्सेज की ओर से नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में पद बढ़ाने के लिए पद जोड़ो यात्रा निकाली जा रही थी। लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे नर्सेज पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था, जिसमें गर्भवती नर्सेज समेत कई अन्य नर्सेज घायल हो गए। इस दौरान कुछ संविदा नर्सेज को गिरफ्तार भी किया गया, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

- **हनुमानगढ़ में नर्सिंग कर्मियों ने काली पट्टी बांध काम किया**

उन्होंने कहा कि नर्सिंग संगठन इसकी कठोर शब्दों में निंदा करता है और सरकार से मांग करता है कि गिरफ्तार किए नर्सेज को रिहा किया जाए। इसके साथ संविदा नर्सेज की भर्ती में पद बढ़ाने की जायज मांग को पूरा किया जाए और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस घटना से जिले सहित प्रदेश के सभी नर्सेज में रोष व्याप्त है।

# ब्लैक स्पॉट के अलावा 10 प्रमुख एक्सीडेंट वाले स्थानों को चिन्हित करने का फैसला

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिले भर में ब्लैक स्पॉट के अलावा जिले भर में उन 10 प्रमुख स्थानों को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया जहां सर्वाधिक एक्सीडेंट होते हैं।

उन सभी स्थानों पर पुलिस, परिवहन और पीडब्लयूडी के अधिकारी मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेंगे और उसमें किस तरह सुधार किया जाए। उसकी रिपोर्ट अगली बैठक में देंगे। बैठक में पीडब्लयूडी के अधीक्षण अभियंता विष्णु गुप्ता ने बताया कि जिले भर के जो ब्लैक पाइंट चिन्हित है। वहां मात्र 10 ही एक्सीडेंट होते हैं। बाकी के 90 फीसदी एक्सीडेंट ब्लैक स्पॉट के अलावा होते हैं। लिहाजा इनमे प्रमुख स्थानों का चयन कर इसकी केस स्टडी की जा सकती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि चिकित्सा विभाग की ओर से अगला मेडिकल चैकअप कैम्प संगरिया के रतनपुरा में सुबह 10.00 बजे से लेकर दोपहर 2.00 बजे तक लगाया जायेगा। जिसमें परिवहन, मेडिकल, पुलिस के अलावा उपखंड प्रशासन की टीम उपस्थित रहेगी। शिविर में आंखों के चैकअप के अलावा ब्रिथ एनलाइजर, इंटरसेप्टर इत्यादि की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही बीपी की भी जांच की जायेगी। सीएमएचओ डॉ नवनीत शर्मा ने बताया कि रतनपुरा से पहले पल्लू, रामगढ़ और भिरानी में मेडिकल चैकअप शिविर लगाया गया था। भिरानी में लगाये गए शिविर में कुल 52 वाहन चालकों की जांच की गई। जिसमें से 25 लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ मिला। 30 लोगों ने बताया कि वे रोज शराब पीते हैं। एक वाहन चालक में लाल रंग को लेकर ब्लांइडनेस आई।



हनुमानगढ़ कलेक्टर रुक्मणि रियार सियाग ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित किया।

- **जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया ये निर्णय**

एडिशनल एसपी जस्साराम बोस ने 1 जनवरी से लेकर अक्टूबर 2022 तक एमवी एक्ट में की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना चलाने वालों के विरुद्ध कुल 151, तेज गति से वाहन चलाने वालों पर 1371, बिना हेलमेट को लेकर 7192, बिना सीट बेल्ट को लेकर 1839 समेत एमवी एक्ट में कुल 38055 कार्रवाई की गई।

# मूट कोर्ट में विवाह विच्छेद से संबंधित सिविल वाद का मंचन

**बीकानेर,**(कासं)। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ लॉ मीडिया प्रभारी डॉ सीमा जैन ने बताया कि आज अवध प्रकाश बनाम शांति देवी के काल्पनिक वाद पर आधारित मूट कोर्ट का मंचन किया गया।

मूट कोर्ट मंचन के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर विनोद कुमार सिंह ने मूट कोर्ट का महत्व बताते हुए इसे व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति का एक सशक्त साधन बताया। स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक प्रोफेसर राजाराम चॉयल ने मूट कोर्ट के अभ्यास को भविष्य की नींव बताया। डॉक्टर धर्मेश हरवानी ने विद्यार्थियों को कहा कि मूट कोर्ट आपकी प्रतिभा निखारने का एक अवसर है। इसमें आज की मेहनत जीवन के किस मोड़ पर कब काम आयेगी कहना कठिन है किंतु यह मेहनत आगे जरूर काम आयेगी

उप कुलसचिव डॉ विठ्ठल बिस्सा ने बताया कि कानून के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान के तहत इस तरह की गतिविधियां निश्चित रूप से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का काम करेगी। अवध प्रकाश बनाम शांति देवी विवाह विच्छेद से संबंधित एक सिविल वाद का मंचन था। जिसमें राजपाल सिंह, स्नेहा व्यास, सूर्यप्रताप सिंह, सुनील बिश्नोई, चंद्रकांत नारायण स्वामी, प्रियांशी स्वामी, बेरिशाल सिंह, इमरान खान, रिंकी चावला, प्रवेंद्र सिंह, सुहानी दीक्षित, दिव्या तंवर, ईश्वर दयाल आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। मूट कोर्ट का नाट्य रूपांतरण डॉ भरत कुमार जाजड़ा ने किया।



बीकानेर के एमजीएस विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लॉ मूट कोर्ट का मंचन किया।